एन.एस.एस. दिवस पर आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 24–09–2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त के निर्देशन में एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा एन.एस.एस. दिवस का आयोजन किया गया। 24 सितम्बर 2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्म शताब्दी पर राष्ट्रीय सेवा योजना शुरू की गई थी। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य को पूरा करने में अपने योगदान को देते हुए एन.एस.एस. स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने इस अवसर पर आयोजित निबन्ध लेखन, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। निबन्ध लेखन का विषय स्वच्छता ही सेवा व प्लास्टिक कचरा मुक्त भारत तथा स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग का विषय स्वच्छता व जल संरक्षण था। निबन्ध लेखन में एन.एस.एस. के 20 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान पर छाया, B.Sc. Phy (H) , द्वितीय स्थान पर सोनल B.Sc. Chem. (H) व तृतीय स्थान पर सोनम BA II रहीं एवं सांत्वना पुरस्कार मोनिका B.Com (H) III को मिला। इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका में हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द, रसायन शास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. मीनू अग्रवाल एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितु रहीं। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान पर रविना BA III, द्वितीय स्थान पर याशिका BA II व तृतीय स्थान पर पल्लवी B.Sc. CS-I रहीं एवं सांत्वना पुरस्कार निकिता B.Com (H) - I को मिला । पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर शिल्पी गोयल BA II, द्वितीय स्थान पर रिया B.Sc. Chem (H) - I ,तृतीय स्थान पर पूजा B.Com I रहीं एवं सांत्वना पुरस्कार कृष्ण सिंह B.Com-I को मिला। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को निःस्वार्थ भाव से समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। यह कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितु की देख–रेख में आयोजित किया गया।